**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों में एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान का दूसरा चरण एक जून से शुरू करेगी सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला सब्जी मंडी व्यापारिक जिला परियोजना व सिटी सेंटर परियोजना हमीरपुर के कार्यान्वयन में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- नगर निगम व शहरी निकायों के चुनाव के लिए प्रचार तेज़– पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन बड़ी संख्या में नामांकन पत्र दाखिल।
- चंबा ज़िला के भटियात उपमंडल में ककीरा के पास वाहन दुर्घटना में 6 पर्यटकों की मृत्यु– चार अन्य घायल।

और

- बीती रात अंधड़ व वर्षा से प्रदेश के कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति प्रभावित– ऊना ज़िला में 8 सौ से अधिक ट्रांसफार्मर ठप।

-----------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने चिट्टा मुक्त हिमाचल के लिए अनेक कदम उठाए हैं और इसके खिलाफ एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान का दूसरा चरण एक जून से 20 अगस्त तक चलाया जाएगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जहां पंचायत स्तर पर भी चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चिट्टे में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है और अभी तक एक सौ 23 कर्मचारी इन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जिनमें से 31 को बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में भर्ती होने वाले अभ्यार्थियों को एंटी चिट्टा टैस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिमला में नार्कोटिक्स कोडिनेशन सेंटर की बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को एंटी चिट्टा अभियान के क्रियान्वयन को लेकर जरूरी दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य जगत सिंह नेगी व अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिमला में सब्जी मंडी केंद्रीय व्यापारिक जिला परियोजना और हमीरपुर में प्रस्तावित सिटी सेंटर परियोजना के अंतर्गत राज्य सरकार विश्वस्तरीय व्यापारिक और आर्थिक केंद्र विकसित कर रही है। आज शिमला में शहरी विकास विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ कम करने, संस्थागत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और आधुनिक व्यावसायिक स्थलों, स्मार्ट पार्किंग सुविधाओं व ग्रीन—ब्लू सार्वजनिक क्षेत्रों के माध्यम से ये परियोजनाएं स्थायी राजस्व सृजन की दिशा में सहायक साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने विभाग को इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 12 व 13 मई को कर्नाटक के मैसूर में आयोजित होने वाली पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए वे आज मैसूर पहुंचे जहां कर्नाटक विधानसभा के अधिकारियों ने उनका परम्परागत व भव्य स्वागत किया। बैठक में राज्यसभा के उपसभापति डॉक्टर हरीवंश व लोकसभा के वरिष्ठ अधिकारी और 6 राज्यों के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस दौरान समिति विधानमंडल निकायों के कार्य संचालन और प्रक्रिया नियमों का एक समान मॉडल विषय पर मंथन करेगी।

## दुर्घटना

चंबा जिले के भटियात उपमंडल के तुन्नुहट्टी—लाहडू मार्ग पर ककीरा के पास आज तड़के एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह पर्यटकों की मृत्यु हो गई है और दो बच्चों सहित चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतकों में गुजरात के पांच पर्यटक थे, जबकि चालक मंडी जिले का निवासी था। ये पर्यटक हिमाचल प्रदेश घूमने आए थे और मनाली से डलहौजी जा रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को ईलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

## कांग्रेस प्रचार

प्रदेश में चार नगर निगमों सहित 47 शहरी निकायों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल अपने—अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। सोलन नगर निगम की कुर्सी को बचाने के लिए कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आज सोलन में

चुनाव प्रचार किया और रोड़ शो के माध्यम से वोट की अपील की। विनय कुमार ने दावा किया कांग्रेस को लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और नगर निगम चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत होगी।

**सिकंदर कुमार**

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मौजूद राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त है। पालमपुर नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान आज उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और महंगाई व अव्यवस्था से लोग दुखी हैं। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि नगर निगम चुनाव में लोग भाजपा की नीतियों में अपना विश्वास व्यक्त कर रहे हैं और भाजपा इन चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर लोगों से सम्पर्क साधकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।

**नामांकन**

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के आज अंतिम दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। मंडी ज़िला के विभिन्न उपमंडलों में आज जिला परिषद चुनाव के लिए करीब एक सौ 23, सोलन ज़िला में करीब 29 और ऊना ज़िला में 31 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे। कल 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान करवाया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

**भाजपा प्रचार**

भाजपा 4 नगर निगमों के चुनाव को लेकर अलग–अलग संकल्प पत्र लाएगी। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि ये केवल चुनावी घोषणा पत्र नहीं बल्कि सभी नगर निगमों के क्षेत्र के समग्र विकास के विजन डॉक्यूमेंट होगा। पार्टी ने दावा किया है कि ये संकल्प पत्र जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। संकल्प पत्र जारी करने के दौरान कल 12 मई को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सोलन में, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी में, भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार पालमपुर में और प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल धर्मशाला में संकल्प पत्र प्रस्तुत करेंगे। पार्टी ने दावा किया है कि नगर निगम चुनाव में जनता विकास, पारदर्शिता व जवाबदेही की राजनीति को चुनते हुए भाजपा को समर्थन देगी।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बीती रात अंधड़ सहित बारिश जबकि ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ है। ऊना ज़िले में तूफान के कारण बिजली के 8 सौ 86 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं जिससे कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। हालांकि विभाग के कर्मचारी बिजली बहाल करने में जुटी हुई है। ज़िले में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से निजी सम्पति को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज से 14 मई तक निचले व मध्यम क्षेत्रों में बारिश और उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना जताई है।

**घनश्याम**

पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार 4 लाख पैंशनरों के पैंशन व भत्ते जारी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मियों को लीव इन कैशमैंट, ग्रैच्यूटी व अन्य भत्ते नहीं दिए गए हैं, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार में वित्तीय प्रबंधन चरमरा गया है और महंगाई भत्ते की 15 फीसदी किश्तें लंबित पड़ी हैं।

**नमस्कार।**